दिनांक 25 जुलाई 2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

शहीद कौशल यादव "वीर चक्र" के 20 वां स्मरण दिवस पर उमड़ा जनसैलाब

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के शहीद कौशल यादव स्मारक स्थल हुडको उद्यान में शहीद कौशल यादव को श्रद्धा सुमन एवं श्रद्धांजलि अर्पित करने आज दिनांक 25 जुलाई 2019 को जनसैलाब उमड़ पड़ा! महापौर देवेंद्र यादव की महापौर परिषद ने सभी शहीदों के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि एवं श्रद्धा सुमन अर्पित करने हेतु कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प पारित किया था जिसके तहत निगम भिलाई द्वारा आज से इसकी शुरुआत की गई है!

भारत माता के वीर सपूत एवं कारगिल के रणबांकुर नायक कौशल यादव ने कारगिल युद्ध ऑपरेशन विजय में पाकिस्तानी सेना के विरुद्ध की गई कार्यवाही के दौरान मातृभूमि की रक्षा करते हुए 25 जुलाई सन 1999 को भारत-पाक सीमा पर वीरगति को प्राप्त हो गए! प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़ी संख्या में वरिष्ठ जन , बच्चे, नौजवान, बुजुर्ग, महिलाएं, जनप्रतिनिधि, अधिकारी/कर्मचारी, स्थानीय गणमान्य नागरिक ने मिलकर स्मारक पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया!

एन सी सी एवं एनएसएस के विद्यार्थियों ने मार्च पास्ट करते हुए आगंतुकों को स्मारक स्थल तक ले कर गए जिन्होंने भी माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया!

शहीद कौशल यादव की माताजी धनवंता देवी एवं अर्धांगिनी निशा यादव सहित संपूर्ण परिवार तथा विधानसभा दुर्ग शहर के विधायक अरुणवोरा , आईजी हिमांशु गुप्ता , कलेक्टर अंकित आनंद , आयुक्त एसके सुंदरानी,पूर्व मंत्री बीडी कुरैशी , पूर्व विधायक भजन सिंह निरंकारी , पूर्व महापौर नीता लोधी ,धर्मेंद्र यादव, विधायक प्रतिनिधि एकांश बंछोर , पार्षद सुरेखा खट्टी एवं दिनेश यादव , सांसद विजय बघेल की धर्मपत्नी रजनी बघेल ,महापौर परिषद के सदस्य लक्ष्मीपति राजू एवं जोहन सिन्हा , पार्षद जी राजू , उपायुक्त टीपी लहरें सहित अन्य ने शहीद कौशल स्मारक पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की , शहीद को याद करते हुए मंच पर उपस्थित सभी ने अपना उद्बोधन दिया! स्मारक स्थल पर माल्यार्पण पश्चात राष्ट्रगान किया गया!

शहीद कौशल यादव जी की माता धनवंता देवी का सम्मान साल एवं श्रीफल से मंच पर उपस्थित सभी लोगों ने मिलकर किया!

विभिन्न संस्थानों कल्याण महाविद्यालय , 37 बटालियन, एंजल वैली, श्री शंकराचार्य, सेंट जेवियर्स से आए हुए विद्यार्थियों ने राष्ट्रभक्ति गीत गाकर शहीद को याद किया!

पूरा माहौल देशभक्ति से ओतप्रोत नजर आया!

मंच पर उपस्थित सभी का सम्मान आयुक्त एसके सुंदरानी द्वारा वेस्ट मटेरियल से तैयार किए गए पौधे को भेंट कर शहीद कौशल यादव जी की स्मरण में दिया गया साथ ही शहीद के याद में दुर्गुण

रहित भिलाई का आरंभ आज से निगम भिलाई एवं जनसुनवाई फाउंडेशन के माध्यम से किया गया , जनसुनवाई फाउंडेशन से संजय मिश्रा उपस्थित रहे!

इस अवसर पर शहीद का पूरा परिवार जिसमें धनवंता देवी, निशा यादव, प्रतीक यादव, रामबचन यादव, अभिषेक यादव, भूतपूर्व सैनिक एवं अन्य मौजूद रहे!

मंच का संचालन अजय शुक्ला एवं अरुण अग्रवाल ने किया!

जनसम्पर्क अधिकारी